प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – किसान, महिला, मजदूर तथा युवाओं का सशक्तीकरण राज्य सरकार का विजन।**
- **प्रदेश में जल्द ही मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी लाई जायेगी।**
- **राज्य में 9 दिसम्बर को होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा निरस्त ।**
- **भारत ने पुरूष जूनियर हॉकी एशिया कप जीता–पाकिस्तान को 5–3 से मात दी।**

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसान, महिला, मजदूर तथा युवाओं का सशक्तीकरण राज्य सरकार का विजन है। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने कल उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ आयोजन की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 12 से 17 दिसम्बर तक होने वाले इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार पिछले एक वर्ष में किए गए कामों का लेखा–जोखा जनता के सामने रखेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस आयोजन के तहत रोजगार उत्सव भी होगा। इसके माध्यम से एक लाख 5 हजार युवाओं को लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर एक लाख लखपति दीदी का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार रूपये प्रति समूह रिवोल्विंग फंड का हस्तांतरण, बालिकाओं को स्कूटी वितरण, महिला हैल्पलाइन ऐप का शुभारंभ, नमो ड्रोन दीदी का सम्मान और राजसखी पोर्टल का शुभारंभ सहित महिलाओं के लिए अन्य कार्यक्रम होंगे। जैसलमेर में इस उपलक्ष्य में कल पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। जिले के सभी पशु चिकित्सालयों और उप केन्द्रों में शिविर लगाये गये। उधर भरतपुर में भी 12 से 17 दिसम्बर के दौरान होने वाले कार्यक्रमों को जिला प्रशासन की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

..........................

प्रदेश में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए जल्द ही मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी लाई जाएगी। इसके प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए कल संबंधित हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।
सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में इस बारे में हुई बैठक में चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने कहा कि मेडिकल वैल्यू ट्रेवल ;डटज्द्ध से संबंधित योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए जल्द ही एमवीटी सेल बनाई जाएगी। इसके साथ ही पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समन्वित तरीके के साथ ऐलोपैथी और आयुष चिकित्सा तथा वैलनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान के माध्यम से प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश होने जा रहा है।

..........................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राज्य विधानसभा का सदन अब गुलाबी दिखाई देगा। श्री देवनानी ने सदन में चल रहे काम का कल मौका मुआयना किया। उन्होंने विधानसभा सदन और विधानसभा सचिवालय को डिजिटल करने के काम को 31 दिसम्बर तक आवश्यक रूप से पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री देवनानी ने कहा कि विधानसभा का आने

वाला सत्र पेपर लैस होगा। उन्होंने कहा कि नये सत्र में सदन नये रूप में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि **ई–विधान** से विधान सभा की कार्य पद्धति डिजिटल हो जायेगी।

..........................

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो** ने सैटेलाइट में आई तकनीकी ख़राबी के कारण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के **प्रोबा–3** उपग्रह के प्रक्षेपण के समय में बदलाव किया है। अब इसका प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पी.एस.एल.वी. **सी–59** से आज शाम चार बजकर बारह मिनट पर किया जाएगा। इससे पहले, इसका प्रक्षेपण कल शाम चार बजकर आठ मिनट पर होने वाला था। दुनिया में अपनी तरह की पहल प्रोबा–3 में दो सैटेलाइट समाहित हैं। ये सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने के लिए एक मिलीमीटर तक सटीक संरचना बनाए रखेंगे। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सटीक संरचना में उड़ान भरना और सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करना है।

..........................

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में आज शपथ ग्रहण करेंगे। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन आज शाम मुम्बई के आजाद मैदान में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कल सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद श्री फडणवीस ने अपने सहयोगियों शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजीत पवार के साथ राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार गठित करने के लिए आमंत्रित किया।

..........................

प्रदेशभर में 9 दिसम्बर को होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी गई है। राज्य सरकार ने 23 हजार 820 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली थी। सात दिन तक चले धरना प्रदर्शन के बाद सरकार ने जयपुर में होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा को हाल ही में स्थगित कर दिया था। राज्य में 13 नगर निगम, 36 नगर परिषद और 169 नगर पालिका बोर्ड और नगर पंचायत हैं। इन सभी में सफाई कर्मचारियों की भर्ती होनी थी। इसके लिए 27 नवम्बर तक आवेदन लिये गये थे। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस प्रदेश शाखा ने सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग की थी।

..........................

राज्यसभा में बॉयलर विधेयक–2024 पारित कर दिया गया है। यह बॉयलर अधिनियम 1923 को निरस्त करता है। इस विधेयक में बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा और बॉयलर की मरम्मत कुशल लोगों से करवाना सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान किए गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ये विधेयक देश में औद्योगिक सुरक्षा बढाने का प्रयास करता है।

..........................

हज यात्रा–2025 में चयनित यात्रियों के ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र 13 दिसम्बर तक आंमत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी अबु सुफियान चौहान ने बताया कि ट्रेनर के आवेदन के लिए अभ्यर्थी को 12वीं कक्षा या समकक्ष पास होना तथा सूचना प्रोद्यौगिकी का ज्ञान होना आवश्यक है। इसके अलावा आवेदक ने कम से कम एक बार हज किया हो। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया की ओर से आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर अंतिम चयन किया जायेगा।

..........................

जैसलमेर जिले के आकांक्षी ब्लॉक के तहत किये जा रहे कामों की कल समीक्षा बैठक हुई। झीनझीनयाली, भड़ली, फतेहगढ़, सांगड, रामा और देवीकोट में इस बैठक का आयोजन किया गया। इसके तहत आकांक्षी ब्लॉक के सभी नीति निर्धारक बिन्दुओं की समीक्षा की गई। बैठक में सरकार की

ओर से चलाई जा रही निशुल्क दवा और जांच योजना, जननी सुरक्षा योजना, राजश्री योजना, लाडो योजना और मां वाउचर सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

..........................

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर से अगले दो–तीन दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना हैं बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान दस डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दिसम्बर के दूसरे सप्ताह से प्रदेश में सर्दी का असर तेज होने की संभावना है।

..........................

भारत ने पुरुष जूनियर हॉकी एशिया कप जीत लिया है। ओमान के मस्कट में कल रात खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को तीन के मुकाबले 5 गोल से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया है। अरीजीत सिंह हुंदल, चार गोल कर, जीत के नायक रहे, वहीं दिलराज सिंह ने एक गोल दागा।

..........................

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पिछले पांच वर्षों में 71 हजार से ज्यादा नए पद सृजित किए गए हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सबसे अधिक 31 हजार से अधिक पद बनाये गए हैं। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि कई बलों में एक लाख से अधिक खाली पदों को जल्द भरने का काम किया जा रहा है।

..........................

केन्द्र सरकार **पीएम सूर्य घर– मुफ़्त बिजली योजना** के तहत अगले साल मार्च महीने तक दस लाख से ज़्यादा रूफटॉप सोलर लगाने जा रही है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के शुरूआती नौ महीनों में ही 6 लाख 30 हजार रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने मार्च 2027 तक एक करोड़ रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा है।

..........................